तापमान
अधिकतम 37 .5 डिग्री
न्यूनतम 15 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 9 मार्च 2026



12 100 मीटर दौड़ अंडर-13 वर्ग में रितु ने मारी बाजी ...





12 38 दिव्यांगों को मिले कृत्रिम अंग, अब जिंदगी ...




**खबर संक्षेप**

### घर से चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**पिहोवा।** पुलिस ने घर से चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पवन कुमार अंबाला को गिरफ्तार करके चोरीशुदा सोने के गहने बरामद करने में सफलता हासिल की है। थाना शहर पिहोवा पुलिस को दी अपनी शिकायत में मंगत राम वासी फौजी प्लाट पिहोवा ने बताया कि 25 दिसम्बर 25 को अपने परिवार के साथ यमुनानगर शादी में गया हुआ था। दोहपर के समय उसके छोटे भाई ने फोन पर बताया कि उसके घर का ताला टुटा हुआ है। जब वह घर पहुंचे और अंदर जाकर घर का सामान चैक किया तो घर से सोने-चांदी के गहने, करीब 2 लाख की नकदी तथा घरेलू सामान गायब मिले। जिसे कोई नामालूम चोर चोरी करके ले गया। जिसकी शिकायत पर थाना शहर पिहोवा में मामला दर्ज करके जांच की गई।

### फर्जी तरीके से बनाई प्रॉपर्टी आईडी, केस

**यमुनानगर।** नगर निगम में फर्जी तरीके से प्रॉपर्टी आईडी बनाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने उप निगम आयुक्त की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

### विदेश भेजने के नाम पर हड़पे पांच लाख रुपये

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर गांव राजपुरा निवासी नवजोत कौर से पांच लाख रुपये हड़प लिए गए। नवजोत कौर पति तलविंदर सिंह को विदेश भेजना चाहती थी। पैसे ऐंठने का आरोप पलविंदर सिंह पर लगा है। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव राजपुरा निवासी नवजोत कौर ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति तलविंदर सिंह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान पलविंदर ने उन्हें बताया कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। वह आरोपी की बातों में आ गए। आरोपी ने एक अगस्त 2025 से 18 दिसंबर 2025 के बीच उससे अलग-अलग करके पांच लाख रुपये तथा दस्तावेज ले लिए।

### घर से नकदी, आभूषण और अन्य सामान चोरी

**यमुनानगर।** फरकपुर थाना क्षेत्र के आर्य नगर कॉलोनी में चोरों ने रात के समय घर में घुसकर 36 हजार रुपये की नगदी, चांदी के आभूषण तथा अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं, गांव गुंदियाना निवासी रामरतन ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसने भेड़ें पाल रखी है। चोरों ने बाड़े 15 भेडें चोरी कर ली।

दोनों आरोपियों से 520 ग्राम हेरोइन बरामद

# यूपी से हेरोइन लेकर यमुनानगर में बेचते थे तस्कर, दो दबोचे

- हेरोइन की कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई जा रही है
- कार्रवाई पुलिस की विशेष टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर की गई
- पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव बाकरपुर के पास से कार सवार दो युवकों को गिफ्तार कर उनके कब्जे से 520 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपियों से पकड़ी गई हेरोइन की कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। जानकारी के अनुसार एडिशनल एसपी अमरेंद्र सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि शनिवार शाम को एंटी नारकोटिक सेल के इंचार्ज अनिल कुमार को गुप्त सूचना मिली कि दो नशा तस्कर कार में सवार होकर उतर प्रदेश से कलानौर से होते हुए अमादलपुर के रास्ते से जगाधरी की तरफ हेरोइन बेचने के लिए आएंगे।




**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी नशा तस्कर।

### चार दिन के रिमांड पर लिया

टीम ने तुरंत गांव बाकरपुर मेन सड़क के बीच में नाकाबंदी करके जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद पुलिस टीम को कार में दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने पूछताछ की तो उनकी पहचान जिला पानीपत के गांव जलालपुर निवासी जावेद व आसिफ के नाम से हुई। तलाशी के दौरान आरोपी जावेद से 260 ग्राम हेरोइन व आरोपी आसिफ से भी 260 ग्राम हेरोइन कुल 520 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। एडिशनल एसपी ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपियों से हेरोईन बेचने वाले व खरीदने वालों का पता लगाया जाएगा।

## अंबाला में 1.2 किग्रा अफीम समेत तस्कर गिरफ्तार

- आरोपी की पहचान रणबीर, जिला बदायूं (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई

**अंबाला।** सीआईए नारायणगढ़ की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए 1 किलो 201 ग्राम मादक पदार्थ (अफीम) के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। प्रभारी उप-निरीक्षक जरनैल सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति नशीले पदार्थ की बड़ी खेप लेकर क्षेत्र से गुजरने वाला है। सूचना के आधार पर टीम ने गांव सौंतली मोड़ से संदिग्ध को काबू किया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 1 किलो 201 ग्राम अफीम बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी की पहचान रणबीर, निवासी फतेह नगला, जिला बदायूं (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस ने अब आरोपी को रिमांड पर लिया है।



**अंबाला।** अफीम के साथ काबू किया गया आरोपी।

कार को टक्कर मारने को लेकर हुई थी वारदात

# कार सवार युवकों ने ट्रक चालक को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

152-डी हाईवे पर दो कार में सवार 4 बदमाशों ने ट्रक ड्राइवर पर डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में कुरुक्षेत्र के इस्माइलाबाद के गुरमीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रक का पीछा करते आ रहे आरोपियों ने ड्राइवर को जबरन रुकवाकर बेरहमी से पीटा। जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। बलदेव नगर थाना पुलिस ने गुरमीत की शिकायत पर विराज, जीवनप्रीत, चिराग व अनमोल पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित ट्रक चालक गुरमीत सिंह ने बताया कि 28 फरवरी को वह पटियाला से बलदेवनगर की ओर आ रहा था। जैसे ही वह 152-डी हाईवे पर सद्दोपुर के पास पहुंचा तो कार में सवार 3-4 युवकों ने गाड़ी को रोक लिया। बदमाशों ने उसे नीचे उतारकर मारना शुरू कर दिया। आरोपी बोल रहे थे कि तुमने उनकी गाड़ी को टक्कर मारी है। घायल गुरमीत ने बताया कि मुख्य आरोपी विराज ने नुकीली चीज से कमर के पीछे वार किया अन्य आरोपी जीवनप्रीत वासी मटहेड़ी शेखां चिराग वासी सुल्लर व अनमोल ने डंडों से सिर व टांगों पर वार किए। राहगीरों ने उपचार के लिए अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल पहुंचाया था।

### आधा दर्जन युवकों ने दो भाइयों को पीटकर किया घायल

**यमुनानगर।** कस्बा व्यासपुर की सरस्वती नगर कॉलोनी में कहासुनी होने पर आधा दर्जन युवकों ने दो भाईयों को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आधा दर्जन आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। व्यासपुर की जैन कॉलोनी निवासी अमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले सरनप्रीत व विशाल वाल्मीकि तथा अन्य युवकों के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य मामला शांत करवा दिया था मगर इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। पांच फरवरी को आरोपी सरनप्रीत, विशाल वाल्मीकि, जशन संधू, आदित्य डडवाल, उदय व सक्षम सागवान ने मारपीट शुरू कर दी।

# शातिर से 43 लाख की रिकवरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

- आरोपी को सुभाष पार्क के पास से काबू किया था

सीआईए-2 की टीम ने थाना महेश नगर क्षेत्र में सक्रिय एक शातिर चोर के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। रिमांड के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 18 लाख रुपये कीमत के सोने और चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। गौरतलब है कि इसी आरोपी से पहले भी चोरी के तीन मामलों में 25 लाख की रिकवरी हो चुकी है जिसे मिलाकर अब तक कुल 43 लाख रुपये के गहने बरामद किए जा चुके हैं। निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि तकनीकी संसाधनों की मदद से आरोपी राहुल कुमार को सुभाष पार्क के पास से काबू किया था। आरोपी से चोरी के चार मामलों में गहने बरामद किए जा चुके हैं

### दो नेकलेस टॉप्स और दो अंगूठियां बरामद

चार जोड़ी चांदी की पाजेब और दो जोड़ी चांदी की चुकटी एक चांदी का कमरबंद और 40 चांदी के सिक्के बरामद किए हैं। आरोपी राहुल कुमार बेहद शातिर किस्म का अपराधी है। उस पर चोरी के 42 मामले दर्ज हैं। वह अपनी पहचान छुपाने के लिए दस्ताने पहनता था और सीसीटीवी कैमरों से बचने के लिए मुंह ढककर वारदातों को अंजाम देता था। वह अक्सर बंद घरों में सेंध लगाकर सोने, चांदी और नकदी पर हाथ साफ करता था।




**अंबाला।** चोरी के आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

*पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के समर्थन में आए सामाजिक कार्यकर्ता गुरदयाल, बोले -जाट आरक्षण के दौरान आगजनी से भारी नुकसान हुआ था*

# धर्मेंद्र हुड्डा ने जिनके नाम लिए उन पर कड़ा संज्ञान ले खाप पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

जाट आरक्षण के दौरान पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की कोठी पर हमला व आगजनी मामले में विदेश में बैठे धर्मेंद्र हुड्डा द्वारा जारी किए वीडियो में किए गए खुलासे ने सियासी हलचल मचा दी है। इस खुलासे के बाद गांव कड़ामी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता गुरदयाल कड़ामी ने प्रेस वार्ता कर धर्मेंद्र द्वारा जारी वायरल वीडियो पर खाप पंचायत से कड़ा संज्ञान लेने की मांग की है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में धर्मेंद्र हुड्डा ने कई लोगों का नाम लिया है। गुरदयाल कड़ामी ने सभी धार्मिक, राजनीतिक संस्थाओं व खाप पंचायतों से आग्रह किया कि वीडियो में धर्मेंद्र हुड्डा जिन लोगों के नाम ले रहा है वे उस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए कैप्टन अभिमन्यु की खुलकर मदद करे। कैप्टन अभिमन्यु के साथ इतना बड़ा घिनौना काम किया गया, उनकी कोठी में आग लगाई गई जिससे कोठी में रखा सामान जल गया। कैप्टन अभिमन्यु ने उसके बावजूद भी खाप पंचायतों के कहने पर उनको माफ कर दिया। इसलिए खाप पंचायतों को कैप्टन अभिमन्यु की मदद करनी चाहिए। इस अवसर पर तिलक राज संधौला, ज्ञान सिंह, नायब इशरहेडी, राय सिंह घिसरपड़ी व रशपाल मौजूद रहे।



**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों से बातचीत करते सामाजिक कार्यकर्ता गुरदयाल कड़ामी व सतबीर मंगौली। फोटो : हरिभूमि

### आगजनी बहुत ही निंदनीय कार्य था

धर्मेंद्र हुड्डा ने वीडियो में जिनका भी नाम लिया है वे इस बारे में अपना स्पष्टीकरण दें। वहीं, इस मामले में सामाजिक कार्यकर्ता सतबीर मंगौली ने कहा कि जाट आरक्षण के दौरान की गई आगजनी बहुत ही निंदनीय कार्य था। धर्मेंद्र की वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए सतबीर मंगौली ने कहा कि वीडियो में जिन लोगों के नाम उभर का सामने आए है उन पर भी खाप पंचायत को संज्ञान लेना चाहिए।

**म्हारी बेटियां मेहनत, साहस और प्रतिभा से पूरे देश का नाम कर रही रोशन**

*हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया*

# प्रदेश में 3 लाख बेटियों को निःशुल्क लगाई जाएगी एचपीवी की वैक्सीन : सुमन सैनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लाडवा


हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हमें हरियाणा की उन बेटियों और महिलाओं पर गर्व है जिन्होंने अपनी मेहनत, साहस और प्रतिभा से न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। हरियाणा की धरती, जिसे कभी केवल किसानों और जवानों की भूमि कहा जाता था, आज बेटियों की उपलब्धियों के कारण पूरे विश्व में पहचानी जा रही है। हरियाणा की बेटियां आज अपना खेल, विज्ञान, शिक्षा, सेना, प्रशासन और अंतरिक्ष तक अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी रविवार को लाडवा में महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 3 लाख बेटियों को एचपीवी वैक्सीन निःशुल्क लगाई जाएगी। हमारी जिन बेटियों की आयु 14 वर्ष हो गई है परंतु 15 वर्ष नहीं हुई है। यह हमारी बेटियों के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण कदम है। ताकि गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव किया जा सके। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।



**लाडवा।** दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं उपाध्यक्ष सुमन सैनी।

### उत्कृष्ठ कार्य करने वाले सम्मानित

कार्यक्रम में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों और विभिन्न क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाली युवतियों, महिलाओं और खिलाड़ियों को सम्मानित किया। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं व युवतियों को सम्मानित किया। कनिष्का सैनी, कशिश शर्मा, मुस्कान सैनी, स्नेहा देवी, गरिमा, आदी, हिमांशी पाल, रीना, पिंकी, वंशिका, आरुषि, वेनिका, प्रतिक्षा, हंसिका गोयल शामिल रही। रेखा रानी, रविना, रुबि कुमारी, मंजू पुनिया, अंजू, सुमन लत्त, रजनी, डिम्पल, अमरजीत कौर, सुनीता, गीता, रेशमा, लखविंद्र कौर, सुनीता रानी, सीमा, पुपिंद्र कौर को सम्मानित किया गया।

खबर संक्षेप

## गो पालन और सेवा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्यः ढांडा

**पानीपत।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि गौ सेवा से बढकर कोई सेवा नहीं है और सभी लोगों को अपने सामर्थ्य अनुसार गौशालाओं का आर्थिक रूप से सहयोग करते रहना चाहिये। हालांकि प्रदेश में पहली बार गौशालाओं में रह रहे गौवंश के लिये चारा अनुदान राशि देने की शुरूवात तत्कालीन सीएम मनोहरलाल ने की थी। सरकार द्वारा दी जा रही चारा अनुदान राशि से गौशालाओं को आर्थिक रूप से बहुत मदद मिल रही है। लेकिन सरकार का उद्देश्य गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाना है ताकि गौशालाओं को किसी की मदद की जरूरत ही ना पडे। मंत्री महीपाल ढांडा रविवार को कर्मयोगी श्री कृष्ण गौशाला सिवाह के 13वें स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मंत्री महीपाल ढांडा ने सिवाह गौशाला में 21 लाख रूपये देने की घोषणा की।

## इंसान के मन को शांति देती हैं धार्मिक यात्राएं

**पानीपत।** समाज सेवा संगठन द्वारा खाटू श्याम चुलकाना धाम के लिए निःशुल्क बस यात्रा का शुभारंभ अध्यक्ष प्रवीण जैन ने किया। वहीं जैन ने बताया समाज सेवा संगठन की ओर से रविवार को रेलवे माल गोदाम से खाटू श्याम चुलकाना के लिए निशुल्क बस यात्रा की शुरूआत की गई है, जो हर महीने के दूसरे रविवार को बस द्वारा निशुल्क यात्रा जाएगी। जैन ने कहा समाज सेवा संगठन द्वारा समय समय पर वैष्णो देवी शिवखोड़ी मथुरा वृंदावन खाटू श्याम सालासर बालाजी मेंहदी पुर बाला जी दादी सती की निशुल्क यात्रा कराई जाती हैं। इसी कड़ी में हर महीने के दूसरे रविवार को खाटू श्याम चुलकाना के लिए निःशुल्क यात्रा की शुरूआत की गई है।

## सतानत संस्कृति से होगी विश्य में शांतिः गिरि

**बापौली।** पानीपत के गांव जलालपुर प्रथम गांव के नवज्योति मॉडल स्कूल में यज्ञ के उपरांत विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महंत पारस गिरि महाराज, डॉ बलकार सिंह, एडवोकेट सुरेन्द्र, रामेश्वर सिंह, सुनील कौशिक, सरपंच प्रतिनिधि शिवकुमार रावल, सरपंच नवीन शर्मा, आनन्द कौशिक, मास्टर सोनू, अजय शर्मा, सत्यवान शर्मा, सुरेश आदि सहित आयोजन समिति ने अतिथियों को पटका पहना करके सम्मानित किया। इधर, कार्यक्रम में सांस्कृतिक, देशभक्ति और सामाजिक प्रस्तुतियां दी गई। मुख्य अतिथि ने कहा कि विश्व शांति के लिए सभी देशों को सनातन धर्म की शिक्षाओं को अपनान होगा।

## अमेरिका व इजराइल का पुतला फूंक जताया विरोध

**पानीपत।** ईरान पर हमले के विरोध में अमेरिका और इजराइल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।वहीं, प्रदर्शनकारियों ने दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के पुतले फूंके और उनके खिलाफ नारेबाजी की। मौलाना सरफराज हुसैन ने कहा कि ईरान में मासूम बच्चों और बेगुनाह लोगों की हत्या किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि ईरान पर हमले के मामले में हस्तक्षेप कर दुनिया में शांति स्थापित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

### एसकेएस व ट्रेड यूनियनों द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम

# टटीरी गाने पर बैन लगाने की मांग,मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन

ईरान के स्कूल पर हमले के दौरान मारी गई 138 छोटी बच्चियों व अन्य लोगों की याद में दो मिनट का मौन धारण कर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। दशहरा ग्राउंड में कार्यक्रम को संबोधित करते कर्मचारी नेता।

सर्व कर्मचारी संघ तथा अन्य ट्रेड यूनियनों द्वारा रविवार को शहर के दशहरा ग्राउंड में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सेंट्रल इंडियन ट्रेड यूनियन, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति, रिटायर कर्मचारी संघ हरियाणा व अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनवादी महिला समिति के जिला प्रधान राजेश्वरी देवी ने की व मंच संचालन सीटू जिला संयोजक शरबती ने किया।

कार्यक्रम के दौरान इजरायल द्वारा ईरान के स्कूल पर हमले के दौरान मारी गई 138 छोटी बच्चियों व अन्य लोगों की याद में दो मिनट का मौन धारण करके श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रेस सचिव गुलशन भारद्वाज ने इजरायल द्वारा अमेरिका के समर्थन से ईरान के खिलाफ सैन्य कार्यवाही व युद्ध थोपने के विरोध में प्रस्ताव रखा। इसके साथ ही एसकेएस जिला वरिष्ठ उपप्रधान संजय कांबोज ने नारी गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले अभद्र शब्दों पर आधारित गीत टटीरी गाने पर पूरी तरह से बैन लगाने व गायक पर कड़ी कानूनी कार्यवाही करने सम्बंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इन पर सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर दोनों प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया। कार्यक्रम के बाद सभी जन संगठनों के प्रतिनिधियों ने लघु सचिवालय में जाकर नगराधीश पीयूष गुप्ता के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम महिलाओं की 20 सूत्रीय मांगो व समस्याओं से सम्बंधित ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों ने महिलाओं को एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रदेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी सभी मांगों को त्वतरित आधार पर पूरा नहीं किया गया तो वे सभी सरकार के खिलाफ कड़ा रूख अपनाते हुए धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे। केंद्र व प्रदेश सरकार लगातार कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा कर रही है।

### महिलाओं को अधिकारों के लिए सदैव करना पड़ा संघर्ष

कार्यक्रम में एसकेएस के पूर्व राज्य नेता व किसान सभा के जिला प्रधान जरनैल सिंह सांगवान, एसकेएस जिला प्रधान महिपाल सौदे ने कहा कि इतिहास गवाह है कि महिलाओं को अपने अधिकार प्राप्त करने के लिए लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा है। शिक्षा, रोजगार, वोट डालने का अधिकार, समान वेतन, राजनीतिक भागीदारी और सामाजिक सम्मान जैसे अधिकार महिलाओं ने लगातार आंदोलनों और संघर्षों के माध्यम से हासिल किए हैं।

# बिना गुरु नहीं की जा सकती ज्ञान की प्राप्तिः साध्वी नीलम


यमुनानगर। सत्संग में उपस्थित श्रद्धालु।

- दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान में अयोजित हुआ सत्संग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम जगाधरी में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया । सत्संग में परम पूजनीय दिव्य गुरू आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी नीलम भारती ने गुरु की महिमा का गुणगान किया। उन्होंने कहा कि निराकार स्वरूप परमात्मा की महिमा गाना व सुनाना अति सरल है। उनको अपना ईष्ट बनाकर पूजन करना भी कोई कठिन कार्य नहीं । साध्वी भारती ने कहा कि जब निराकार परमात्मा साकार स्वरूप धारण करके गुरु रूप में धरती पर आता है तब उसके महत्व को समझ कर उनकी शरणागत होना अति कठिन है क्योंकि इससे मनुष्य का अहंकार कुंठित होता है। उन्होंने कहा कि गुरु महिमा उस मिष्ठान की तरह है जिसका स्वाद लिए बिना अनुभव नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि बिना गुरु ज्ञान की प्राप्ति नहीं की जा सकती। निराकार परमात्मा हमारे जीवन में हस्तक्षेप नहीं करते हैं किन्तु भगवान का साकार स्वरूप ब्रह्मनिष्ठ गुरु हमें कदापि स्वतंत्र नहीं छोड़ते और सत्संग के द्वारा हमारे कर्मों को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु की महिमा गाने में देवलोक की दिव्य आत्माएँ भी समर्थ नहीं है परन्तु इस मृत्यु लोक से जिन आत्माओं को गुरु अपने दिव्य लक्ष्य पूर्ति के कार्य हेतु चुन लेते हैं उन्हें उस दिव्य विभूति की महिमा गाने का सुअवसर प्राप्त होता है। यदि हम अपनी दिनचर्या का कुछ समय गुरु की महिमा का गुणगान करने में व्यतीत करते हैं तो उनके दिव्य गुणों को धारण करने का सौभाग्य हमें प्राप्त होता है। गुरु के प्रति विश्वास एवं समर्पण का भाव प्रगाढ़ होता है और हम सहज ही उस दिव्य शक्ति का स्पंदन हर क्षण अपने श्वासों में अनुभव करते हैं।

# महिला सशक्तिकरण एक मजबूत और विकसित समाज की नींव : मेयर

- नगर निगम मेयर हाउस में मनाया गया अंतराष्ट्रीय महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। मेयर हाउस में जानकारी प्रदान करती नगर निगम मेयर सुमन बहमनी।

अंतराष्ट्रीय महिला के अवसर पर नगर निगम मेयर हाउस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर नगर निगम मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि महिलाएं समाज की शक्ति, प्रेरणा और विकास की आधारशिला हैं। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभाए मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर नए आयाम स्थापित कर रही हैं और समाज को नई दिशा दे रही हैं। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं बल्कि एक मजबूत और विकसित समाज की नींव है। उन्होंने कहा कि शिक्षाए आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास के माध्यम से महिलाएं अपने साथ-साथ पूरे समाज को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही हैं। आज महिलाएं प्रशासन, शिक्षा, चिकित्सा, व्यापारए, राजनीति, विज्ञान, खेल और तकनीक जैसे हर क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय भूमिका निभा रही हैं। मेयर सुमन बहमनी ने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी बेटियों को अच्छी शिक्षा दें और उन्हें सशक्त तथा आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी बेटियां अपने परिश्रम और प्रतिभा के दम पर नया इतिहास रच रही हैं। चाहे खेल का मैदान होए विज्ञान और तकनीक का क्षेत्र होए प्रशासनिक सेवाएं हों या फिर विश्व स्तर के मंचकृहर जगह हमारी बेटियां भारत का नाम रोशन कर रही हैं। इसलिए समाज के प्रत्येक परिवार का यह कर्तव्य है कि वे बेटियों को समान अवसर दें। उनका उत्साह बढ़ाएं और उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए मजबूत आधार प्रदान करें।

### महिलाओं का सम्मान करें

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हमें यह प्रेरणा देता है कि हम महिलाओं के योगदान का सम्मान करें और उन्हें आगे बढ़ने के लिए समान अवसर प्रदान करें। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से महिलाओं के सम्मान और सहयोग का संकल्प लेने का आह्वान किया। मेयर ने कहा कि जब महिलाएं सशक्त होंगी तभी समाज और देश सशक्त बनेगा। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर हमें नारी शक्ति के सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए।

## शहीदी दिवस पर लगेगा रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर

- 23 मार्च को झीवरेहड़ी में स्थित शहीद भगत सिंह स्कूल में होगा कार्यक्रम

**रादौर।** शहीद भगत सिंह पब्लिक स्कूल झीवरेहडी में 23 मार्च को शहीद भगत सिंह का शहीदी दिवस मनाया जाएगा। इस दिन स्कूल प्रांगण में रक्तदान, नेत्र जांच व स्वास्थ्य की जांच को लेकर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में क्षेत्र के लोग बढ़ चढ़कर भाग लेंगे। जानकारी देते हुए स्कूल के चेयरमैन बलवंत सिंह ने बताया कि शहीदी दिवस के अवसर पर स्कूल की ओर से रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर में 18 वर्ष से अधिक का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर दूसरो के अमूल्य जीवन को बचाने में अपना योगदान कर सकता है। वहीं शिविर में नेत्र जांच की जायेगी। जिससे नेत्र रोगियों को लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य की जांच भी की जाएगा।

# आमजन को सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निगम प्रयासरत : बहमनी

- मेयर और विधायक ने किया 14 लाख से बनने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। विकास कार्यों का शिलान्यास करती मेयर व शहर विधायक।

शहर के विकास को गति देने और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में नगर निगम द्वारा लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। रविवार को मेयर सुमन बहमनी और विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने वार्ड नंबर 12 के बाड़ीमाजरा में करीब 14 लाख रुपये की लागत से बनने वाली विभिन्न गलियों और नालियों के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया और नारियल फोड़कर विकास कार्यों के निर्माण का शुभारंभ किया।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा गलियों और नालियों के निर्माण की मांग की जा रही थी। जिसे अब पूरा किया जा रहा है। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी और लोगों को आवागमन में भी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर के हर क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्य करवाने के लिए प्रतिबद्ध है।विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार और नगर निगम मिलकर शहर के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाड़ीमाजरा क्षेत्र में गलियों और नालियों के निर्माण से न केवल क्षेत्र की सफाई व्यवस्था बेहतर होगी बल्कि लोगों के जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए ताकि लोगों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके।

## फाल्गुन मास के उपलक्ष में हुआ 7वां श्याम संकीर्तन


रादौर। कार्यक्रम में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

**रादौर।** श्री श्याम मित्र मंडल रादौर की ओर से फाल्गुन मास के उपलक्ष में अनाजमंडी रादौर में 7वें श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने किया। कार्यक्रम को लेकर नगरखेडे से श्री खाटूश्याम जी की शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें शहर सैंकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शहर के लोगों ने शोभयात्रा का पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने बाबा खाटूश्याम जी के झंडे लेकर व नाचकर गाकर खुशियां मनाई। कार्यक्रम में भजन गायिका पूजा सखी पटियाला, गौरव शान कुरूक्षेत्र ने भगवान श्री श्याम जी की महिमा का गुणगान किया। सातवीं बार श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरीश गर्ग, अंकुश गुप्ता, उमेश गुप्ता, सुशील कांबोज, रमेश, बंसीलाल सैनी, रमेश धीमान, राकेश कांबोज, सतीश अग्रवाल, अनुज, आशीष वर्मा मौजूद रहे।

# बेटियों के विवाह के लिए लाभदायक मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना :डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। योजना संबंधी जानकारी उपलब्ध करवाती जिला उपायुक्त।

सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना एक सराहनीय प्रयास है। इस योजना से समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग मिलेगा।

उपायुक्त ने बताया कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए लाभ दायक योजना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और बेटियों की शादी में आर्थिक चिंताओं को कम करना है। उन्होंने सभी पात्र परिवारों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाएं। डीसी ने बताया कि अनुसूचित जातिए विमुक्त जातिध् टपरीवास जाति के लाभार्थियों जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो की बेटियों के विवाह पर 71,000 अनुदान राशि प्रदान की जाती है और पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के व्यक्तियों जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो की बेटियों के विवाह पर 41,000 अनुदान राशि दी जाती है। उन्होंने कहा सभी वर्गों की विधवा,तलाकशुदा, अनाथ एवं निराश्रित बच्चे जिनकी पारिवारिक आय 1.80 लाख रुपये प्रति वर्ष या उससे कम हो की शादी के लिए 51,000 अनुदान राशि प्रदान की जाती है। इसके साथ-साथ इस योजना के तहत यदि विवाह में दोनों वर-वधू दिव्यांग हैं, तो उन्हें 51,000 अनुदान राशि दी जाएगी। अगर केवल एक वर या वधू दिव्यांग है तो 41,000 की अनुदान राशि दी जाएगी । इसी तरह अगर जिस खिलाड़ी महिला की पारिवारिक आय 1.80 लाख रुपये प्रति वर्ष या उससे कम हो उन्हें 41,000 की अनुदान राशि दी जाएगी।

# शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म मुकदमा दर्ज

- 10 माह तक झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करता रहा आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि आरोपी करीब 10 माह तक युवती के साथ शादी का झांसा देकर संबंध बनाता रहा। बाद में शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव बीबीपुर निवासी सोहिल के साथ जान पहचान थी। इसके बाद आरोपी उसे शादी करने की बात कहने लगा। पीड़ति ने बताया कि एक जुलाई 2025 को उसके परिवार के सभी सदस्य किसी काम से बाहर गए थे। इस दौरान सोहिल उनके घर पर आ गया। आरोपी ने उसे घर पर अकेला पाकर उसके साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी करीब 10 महीने से उसे शादी का झांसा देकर संबंध बनाता रहा। जब उसने आरोपी को शादी करने के लिए बोला तो आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

# महर्षि दयानंद की 200वीं जयंती पर दो दिवसीय वेद महोत्सव का समापन

- महर्षि दयानंद ने 150 साल पहले की थी आर्य समाज की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर


रादौर। आर्य समाज मंदिर में प्रवचन करते स्वामी सच्चिदानंद।

महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वी जन्म जयंती के उपलक्ष में रविवार को दो दिवसीय सनातन वेद महोत्सव का समापन हुआ। यह कार्यक्रम आर्य समाज की 150 वी स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित किया गया था। समापन समारोह के अवसर पर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि के लिए हवन यज्ञ भी किया गया। यज्ञ में मुख्य रूप से वेदों के प्रगाढ़ ज्ञाता मदनदीप शास्त्री ने पूरी विधि विधान से वैदिक हवन यज्ञ सम्पन्न करवाया गया। संगीताचार्य जयपाल आर्य मुख्यातिथि व आर्यवीर राष्टीय चिंतक स्वामी सच्चिदानंद मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संगीताचार्य ने स्वामी दयानंद की जीवनी के साथ वैदिक रामायण का गान कर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम चन्द्र के जीवन पर प्रकाश डाला। वहीं स्वामी सच्चिदानंद ने अपने संबोधन में कहा कि आज से 150 वर्ष पूर्व महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा आर्य समाज की स्थापना की थी। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने महिला शिक्षा व महिलाओं के अधिकारों पर जोर दिया।

### जन स्वास्थ्य विभाग ने रानी खुर्द में महिलाओं को किया जागरूक

# विश्व महिला दिवस पर जल संरक्षण का दिया संदेश

वर्ष 2026 में गिव टू गेन थीम पर आधारित है महिला दिवस, लैंगिक समानता को बढ़ावा देना मुख्य उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


यमुनानगर। महिलाओं को संबोधित करती जिला सलाहकार रजनी गोयल।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खंड व्यासपुर की गांव रानी खुर्द में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिलाओं को अपनी भूमिका और अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विभाग की जिला सलाहकार रजनी गोयल उपस्थित रही। उन्होंने महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि वर्ष 2026 के महिला दिवस की थीम गिव टू गेन है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और जल संरक्षण के प्रति लोगों को प्रेरित करना है। इसके साथ ही कन्या भ्रूण हत्या और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध चिंता का विषय हैं। इस अवसर पर बीआरसी राजवीर सिंह, आंगनवाड़ी वर्कर रेखा रानी, आशा वर्कर नीरू रानी, आंगनवाड़ी हेल्पर पूजा रानी, गीता रानी, रजनी व सरोज आदि मौजूद रहे।

### महिलाएं परिवार व समाज की नींव करती मजबूत

रजनी गोयल ने कहा कि आठ मार्च का दिन उन महिलाओं के सम्मान में मनाया जाता है। जिन्होंने अपने साहस, मेहनत और समर्पण से समाज को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि एक महिला मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में परिवार और समाज की मजबूत नींव होती है। उन्होंने कहा कि आज की महिलाएं केवल घर की चारदीवारी तक सीमित नहीं हैं। अंतरिक्ष विज्ञान, खेल, व्यापार और सेना सहित हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। भारत में आजादी के बाद हुए सामाजिक सुधारों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि आज भी समाज के कई हिस्सों में महिलाएं भेदभाव और लैंगिक असमानता का सामना कर रही हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों में बराबरी सुनिश्चित करना अभी भी एक बड़ी चुनौती है।

खबर संक्षेप

### महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून मजबूत ।



**थानेसर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ह्नकानून जानिएह्न सीरीज के अंतर्गत ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि भारतीय कानून महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए कई महत्वपूर्ण अधिकार प्रदान करता है, जिनका उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन देना है। उन्होंने बताया कि घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, कार्यस्थल पर उत्पीड़न और संपत्ति के अधिकार जैसे विषयों पर कानून महिलाओं को विशेष संरक्षण देता है, ताकि किसी भी महिला के साथ अन्याय होने पर उसे तुरंत कानूनी सहायता मिल सके। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि समाज में जागरूकता बढ़ना बहुत आवश्यक है, ताकि महिलाएं अपने अधिकारों को जानें और आवश्यकता पड़ने पर उनका प्रयोग कर सकें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कानून का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि न्याय स्थापित करना है। इसलिए हर कानून का उपयोग जिम्मेदारी और सच्चाई के साथ होना चाहिए। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने महिला दिवस के अवसर पर समाज से अपील की कि महिलाओं का सम्मान केवल एक दिन का विषय नहीं होना चाहिए, बल्कि यह हर परिवार और हर संस्था की दैनिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिलेभर में कार्यक्रमों का किया आयोजन

# महिलाएं परिवार की आधारशिला के राष्ट्र की प्रगति का हिस्सा : डॉ. रूचि

प्रगति और समृद्धि की पहचान होती है महिला शक्ति, देश को देती है समृद्धि की दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रूचि जैन व अन्य।



कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रूचि जैन व अन्य।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला भर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डीआरजैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा इस वर्ष की वैश्विक थीम अधिकार, न्याय और कार्रवाई सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए को समर्पित एक विशेष जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया गया।

इस पहल का उद्देश्य समाज में महिलाओं के अधिकारों, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान के प्रति व्यापक जागरूकता को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रूचि जैन ने कहा कि महिलाएं केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति की प्रमुख प्रेरक शक्ति हैं। जब किसी समाज में महिलाओं को समान अधिकार, न्याय और अवसर प्राप्त होते हैं, तभी वह समाज वास्तविक अर्थों में प्रगति और समृद्धि की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना केवल सामाजिक दायित्व ही नहीं, बल्कि एक सशक्त और समतामूलक राष्ट्र के निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने यह भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक दिन की औपचारिकता नहीं, बल्कि यह संकल्प का दिन है कि महिलाएं और बेटियां वर्ष के हर दिन एक-दूसरे का साथ देते हुए अपनी एकजुटता,आत्मविश्वास और सामूहिक शक्ति का परिचय दें। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को स्वास्थ्य जागरूकता, आत्मसम्मान तथा समाज में उनके अधिकारों के महत्व के प्रति प्रेरित किया गया। साथ ही यह संकल्प लिया गया कि महिलाओं और बेटियों के अधिकारों की रक्षा तथा उनके समग्र विकास के लिए भविष्य में भी निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जाते रहेंगे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. हिमांशु जैन तथा डॉ.संजय शर्मा ने सूत्रधार की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में मोनिका, दीपिका, महक, प्रियंका, रुमा,मुमताज, गीतू, अंजू, मुमताज, पिंकी, एकता, अमृत, सोनू, बबीता, अंजू ममता,रानो,श्रुति,आरती तमन्ना, अलीशा,आस्था, कविता इत्यादि ने उल्लेखनीय योगदान दिया।

### जागरूक महिला जागरूक समाज की पहचान : डॉ सीमा पांडे

**कुरुक्षेत्र।** यूएसएफ कुरुक्षेत्र उदयन शालिनी फैलोशिप कुरुक्षेत्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 का उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम कन्वीनर डॉ. सुषमा शर्मा के मार्गदर्शन में व डॉ सीमा पाण्डेय कोर कमेटी सदस्य की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम गिव टू गेन रही। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर सखी, कुरुक्षेत्र से सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेशन की प्रतिनिधि श्रीमती शैलजा सैनी मुख्य संसाधनके रूप में उपस्थित रहीं। मंच का संचालन डॉ. सीमा पांडेय द्वारा किया गया। उन्होंने सभी शालिनियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा कन्वीनर डॉ. सुषमा शर्मा की ओर से भी सभी को महिला दिवस की बधाई प्रेषित की। इसके पश्चात उन्होंने श्रीमती शैलजा सैनी का स्वागत करते हुए उन्हें मंच पर आमंत्रित किया। अपने संबोधन में श्रीमती शैलजा सैनी ने वर्तमान समय में बढ़ रहे विभिन्न सामाजिक अपराधों जैसे मानव तस्करी, साइबर क्राइम और अन्य अपराधों के बारे में शालिनियों को जागरूक किया। उन्होंने हाल ही में सामने आए कुछ मामलों को साझा करते हुए शालिनियों को सतर्क रहने की सलाह दी तथा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर भी साझा किए, ताकि किसी भी समस्या की स्थिति में शालिनियाँ तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। इस कार्यक्रम में कुल 29 शालिनियों ने भाग लिया।



कुरुक्षेत्र। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित करते आयोजक।

### 20 को नारी सशक्तिकरण सम्मान से किया विभूषित

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेक्टरह्न5 स्थित शिव मंदिर प्रांगण में नारी सशक्तिकरण सम्मान समारोहह्न2026 का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, हरियाणा (चंडीगढ़) के महासचिव डॉ. सुनील कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली महिलाओं को नारी सशक्तिकरण सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में राज कुमारी पंवार, सेक्टर 5 की पार्षद सुषमा मेहता, सुनीता मेहता, ऋतु बरकी, गीता शर्मा, शशि बाला, बबीता रानी, डॉ. अनीता नैन, कर्मजीत कौर, कविता बेदी, भारती, नीलम चावला, सुमन सांगवान, पुष्पा शर्मा, अंकिता, अनीता रामपाल, रेणु खुग्गर, डॉ. ममता सूद, संतोष देवी और राज बाला मुख्य रही। इसके अतिरिक्त समाज के चौथे स्तंभ के रूप में समाज और राष्ट्र की निष्काम सेवाएं प्रदान करने के लिए जसबीर सिंह दुग्गल को आजीवन सेवा सम्मान से अलंकृत किया गया।



### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन सेंटर आफ इंडियन ट्रेंड यूनियन (सीटू) द्वारा ताज पार्क कुरुक्षेत्र में किया गया। जिसकी अध्यक्षता सीटू जिला संयोजक रानी देवी ने की व संचालन आशा वर्कर यूनियन की जिला प्रधान मनजीत ने किया। मुख्य वक्ता के तौर पर रिटायर्ड कर्मचारी मास्टर दयानन्द ने कहा कि 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस दुनिया भर की महिलाओं के संघर्षों, एकजुटता और समाज में बदलाव लाने की आकांक्षा का प्रतीक है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि महिलाओं ने इस समाज में अपनी स्थितियों को बेहतर बनाने के लिए और समान नागरिक अधिकार पाने के लिए कड़े संघर्ष किए हैं। जिला प्रधान मनजीत ने कहा कि मेहनतकश महिलाओं की रोजी-रोटी छिन रही है, चार लेबर कोड्स के जरिए मजदूरों के अधिकार कमजोर कर दिए हैं। रोजगार गारंटी कानून बदल दिया है। खेती-बाड़ी, उद्योग धंधे, व्यापार संकट में हैं। सार्वजनिक सेवाओं का निजीकरण किया जा रहा है। सीटू जिला सहसंयोजक अनिल कुमार ने कहा सरकारी परियोजनाओं में भी महिलाएं बहुत कम वेतन पर कई-कई घंटे काम करने पर मजबूर हैं। सरेआम महिलाओं की मेहनत की लूट हो रही है और समान अधिकारों की लड़ाई को पीछे धकेला जा रहा है। सीटू सहसंयोजक सुनील रत्न ने कहा कि आज भाजपा सरकार के दावों के विपरित महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सुरक्षा, समान वेतन, सामाजिक बराबरी, राजनीतिक भागीदारी आदि मामलों में आगे बढ़ने की बजाए पिछड़ती जा रही हैं।



कुरुक्षेत्र। गीता मनीषी ज्ञानानंद के सानिध्य में गीता मनीषी ज्ञानानंद के सानिध्य में परिक्रमा में भाग लेते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

### गीता मनीषी ज्ञानानंद के सानिध्य में की ब्रह्मसरोवर की परिक्रमा

**कुरुक्षेत्र।** गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा ब्रह्मसरोवर की मासिक परिक्रमा श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ आयोजित की गई। परिक्रमा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हरि संकीर्तन से ब्रह्मसरोवर का सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। आज प्रातः सर्वेश्वर महादेव मंदिर के सामने से परिक्रमा शुरू हुई और उसी स्थान पर आकर संपन्न हो गई। भजन रसिक राजेंद्र चोपड़ा, सुनील वत्स, पवन गुंबर व विकास के द्वारा गाए गए भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। बार-बार प्रणाम बिहारी तेरे चरणों में, राधे-राधे रटते चलो तथा आ जाएंगे बिहारी के भजन ने वातावरण को भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया।



### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में सुनेहड़ी खालसा में कार्यक्रम का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन और एमडीडी ऑफ इंडिया के सयुंक्त तत्वाधान मे न्याय तक पहुंच अभियान के तहत सुनेहड़ी खालसा गांव में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरंक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी भानु गौड,बाल कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण पंचाल एमडीडी ऑफ इंडिया की जिला संयोजक रितु रानी, सह संयोजक रामलाल सिरसल मुख्य रूप से पहुंचे। गाँव की सरपंच सोनिया रानी ने सभी का स्वागत किया और कहा कि एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा बाल विवाह पर जो कार्या किये जा रहे है वो बहुत ही सहरानीय कार्य है। इस अवसर पर कार्यक्रम में सरंक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी भानु गौड ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सबसे पहले अमेरिका में 1909 में मनाया गया था। तब करीब 15 हजार महिलाओं ने न्यूयॉर्क सिटी में वोटिंग के अधिकार, काम के घंटे कम करने व बेहतर वेतन की मांग को लेकर आंदोलन किया था। सुरिंदर सिंह मान ने कहा कि बाल विवाह के खिलाफ इस 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान और इसके तहत निकाले गए बाल विवाह के प्रति किया जागरूक।

# भारतीय संस्कृति में महिला को दिया गया है सर्वोच्च स्थान : स्वामी ज्ञानानंद

■ गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने महिला मैराथन को हरी झंडी देकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। महिला को सम्मानित करते स्वामी ज्ञानानंद महाराज।

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिला को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। इस देश में नारी को सम्मान की नजर से देखा जाता है और पूजा की जाती है। इतना ही नहीं वेदों में यह भी उल्लेख है कि जहां नारी की पूजा की जाती है वहीं देवताओं का वास होता है। इसी लक्ष्य को लेकर सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार योजनाओं को अमलीजामा पहना रही है। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज रविवार को द्रोणाचार्य स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हरियाणा राज्य महिला आयोग की तरफ से आयोजित महिला मैराथन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरमैन रेणू भाटिया,आयोग की सदस्य सचिव आईएएस अधिकारी मोनिका मलिक, भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी,डीएमसी अमन कुमार, भाजपा नेत्री सुगंधा सुधा ने दीपशिखा प्रज्ज्वलित करके विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने महिला मैराथन को हरी झंडी देकर रवाना किया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने आयोग की तरफ से सुगंधा सुधा, सगुन, नीतिका, नीरू सैनी, प्रीति रानी, राजवंती, राजरानी, भतेरी देवी, सुनीता देवी, कविता देवी, सोनिया, निर्मला,अनुपम व डा. मोनिका भारद्वाज को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस महिला मैराथन में महिलाओं के सशक्त होने का संदेश देने के लिए आयोग की अध्यक्षा रेणू भाटिया ने स्वयं मैराथन में बाइक चलाई, भाजपा नेत्री सुगंधा सुधा ने स्कूटी तथा अन्य महिलाओं ने ट्रैक्टर चलाया।

### अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के चुनाव में कुरुक्षेत्र के राजेश सिंगला पांचवीं बार प्रदेश महामंत्री बने

**कुरुक्षेत्र।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के चुनाव में कुरुक्षेत्र के राजेश सिंगला पांचवीं बार प्रदेश महामंत्री चुने गए हैं। वृंदावन से कुरुक्षेत्र लौटने पर कुरुक्षेत्र के लोगों एवं अग्रवाल समाज के लोगों ने राजेश सिंगला का जोरदार स्वागत किया। प्रदेश महामंत्री बने राजेश सिंगला ने बताया कि विश्व के सबसे महान रणनीतिकार एवं धर्म, नीति व कर्मयोग के प्रेरणास्रोत भगवान श्रीकृष्ण की पावन लीला भूमि वृंदावन में अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रतिनिधियों ने एक बार फिर अशोक बुवानीवाला के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए उन्हें लगातार 9 वीं बार प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी।



कुरुक्षेत्र। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के चुनाव अवसर पर 9वीं बारे चुने गए प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला, प्रदेश महामंत्री राजेश सिंगला व अन्य।

### भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**शाहबाद।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से मंडल प्रशिक्षण वर्गों की श्रृंखला का शुभारंभ 7 मार्च व 8 मार्च को किया गया है। इस अभियान के तहत पहला प्रशिक्षण वर्ग शाहाबाद मंडल का प्रशिक्षण शिविर मंडल अध्यक्ष सुपाश्र्व जैन और तंगोर मंडल का प्रशिक्षण शिविर ज्ञान गंगा पॉलिटेक्निक कॉलेज में मंडल अध्यक्ष यादविन्द्र लक्की राणा के नेतृत्व हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की शुरूआत दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् के साथ हुई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष तजेंद्र सिंह गोल्डी कार्यकतार्ओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के गौरवशाली इतिहास विकास, विचारधारा और संगठन के निरंतर विस्तार पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह गोल्डी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा एक सशक्त वैचारिक संगठन है, जहां एक साधारण कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत और समर्पण से राष्ट्रीय अध्यक्ष या मुख्यमंत्री जैसे सर्वोच्च पदों तक पहुंच सकता है।



कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

### महिला दिवस पर दी कानून की जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के अधिकारों और लिंग समानता को समर्पित एक वैश्विक दिन है। इसका उद्देश्य महिलाओं के संघर्षों और उपलब्धियों को मान्यता देना और लिंग भेदभाव को समाप्त करने के लिए प्रयासों को प्रेरित करना है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मातृशक्ति के अदम्य साहस एवं अद्वितीय शक्ति का उत्सव है। यह विचार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित मातृशक्ति संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतमाता के चित्र के समक्ष मातृशक्ति द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। मातृशक्ति संवाद को संबोधित करते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा 8 मार्च को महिला दिवस मनाने की परंपरा का इतिहास 20वीं सदी की शुरूआत से जुड़ा है। मातृशक्ति संवाद कार्यक्रम में श्रीमती अंजू शर्मा, रेखा, मनोरमा एवं मंजू बतौर अतिविशिष्ट अतिथि के नाते भारत में महिलाओं के अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में चर्चा की।



कुरुक्षेत्र। नगर पार्षद बक्शीश कौर को सम्मानित करते आयोजक।

### उत्कृष्ट कार्यों के लिए पार्षद बक्शीश कौर सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वार्ड-14 की पार्षद बक्शीश कौर को समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान टेक्नोलॉजी एजुकेशन एंड रिसर्च इंटीग्रेटेड इंस्टीट्यूशंस द्वारा आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया, जिसमें शहर के कई शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बख्शीश कौर लंबे समय से समाज सेवा से जुड़ी हुई हैं और विशेष रूप से महिलाओं से जुड़े मुद्दों को उठाने में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। उन्होंने महिलाओं को जागरूक करने, उनके अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाने और समाज में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए कई सामाजिक अभियानों का संचालन किया है।

## स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, कौशल विकास और जनसुविधाओं से जुड़ी पहलों से बदल रही क्षेत्र की तस्वीर

# योजनाएं सीधे जनता तक पहुंचे तब होगा संपूर्ण विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

किसी भी संसदीय क्षेत्र का वास्तविक विकास तब संभव होता है जब योजनाएं सीधे जनता तक पहुंचें और उनका प्रभाव जमीन पर दिखाई दे। हरियाणा के कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में इसी सोच के साथ कई सामाजिक और विकासात्मक पहलें शुरू की गई हैं। इन पहलों का उद्देश्य स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, कौशल विकास और जनसमस्याओं के समाधान जैसे क्षेत्रों में लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रहने वाले हजारों लोगों को लाभ मिल रहा है। इन योजनाओं की खास बात यह है कि इन्हें स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखकर शुरू किया गया है, जिससे इनका प्रभाव व्यापक रूप से दिखाई दे रहा है। कई बार सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक केवल इसलिए नहीं पहुंच पाता क्योंकि उन्हें जानकारी नहीं होती या उन्हें कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा नवीन संकल्प शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी छात्रों की मदद के लिए जननायक नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में नवीन जिन्दल फाउंडेशन की ओर से नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना चलाई जा रही है। जननायक नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में नवीन जिन्दल फाउंडेशन की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाने के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट शुरू की गई है।

नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में नवीन जिन्दल फाउंडेशन की ओर से ग्रामीण युवाओं को फिटनेस और खेलों की ओर प्रेरित करने के लिए नवीन जिन्दल युवा क्लब के तहत गांवों में जिम स्थापित किए जा रहे हैं। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित सांसद खेल महोत्सव क्षेत्र के युवाओं के लिए एक बड़ा मंच बनकर उभरा है। नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाने के लिए शिक्षण संस्थानों में नवीन राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत स्कूलों और कॉलेजों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें विद्यार्थियों को तिरंगे के महत्व और उसके सम्मान के बारे में जानकारी दी जाती है। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में सशक्तिकरण अभियान के तहत बड़े स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों की जांच की जाती है और उन्हें उपचार तथा परामर्श की सुविधा प्रदान की जाती है। इससे हजारों लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है।

### युवाओं को मिल रहा रोजगार का मार्ग



जननायक नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में नवीन जिन्दल फाउंडेशन की ओर से युवाओं को रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से नवीन स्किल डेवलपमेंट पहल के तहत तीन स्किल सेंटर स्थापित किए गए हैं। इनमें युवाओं को विभिन्न तकनीकी और व्यावसायिक कौशल सिखाए जाते हैं, जिससे वे रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों के लिए तैयार हो सकें। किसी भी संसदीय क्षेत्र का वास्तविक विकास तब संभव होता है जब योजनाएं सीधे जनता तक पहुंचें और उनका प्रभाव जमीन पर दिखाई दे। हरियाणा के कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में इसी सोच के साथ कई सामाजिक और विकासात्मक पहलें शुरू की गई हैं।



कुरुक्षेत्र। गांव दयालपुर में भगवान महर्षि कश्यप के भव्य मंदिर निर्माण हेतु रखा नींव का पत्थर रखते अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

### महर्षि कश्यप के दिखाए मार्ग पर चलें : रामकुमार

**कुरुक्षेत्र।** गांव दयालपुर में भगवान महर्षि कश्यप के भव्य मंदिर निर्माण हेतु विधायक इंद्री एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप हरियाणा रामकुमार कश्यप, सुगंधा सुधा व जिला परिषद के वाईस चेयरमैन धर्मपाल चौधरी डीपी ने नींव का पवित्र पत्थर रखा। इस पावन अवसर पर कश्यप धर्मशाला के प्रधान एडवोकेट राजबीर कश्यप, जिला परिषद के वाईस चेयरमैन धर्मपाल, परमजीत कौर कश्यप, अनु माल्यान, अंग्रेज कश्यप पूर्व सरपंच, दशुर्राम, नवीन कश्यप एडवोकेट, शेर सिंह कश्यप, संजीव जई, सतीश जई, राजबीर कश्यप,संजीव कश्यप, प्रवीन कश्यप, नरेन्द्र कश्यप, संदीप कश्यप, राजेश पूर्व सरपंच,फूल सिंह पूर्व सरपंच, राम लाल कश्यप, रामपाल कश्यप, जगीर कश्यप, विजय कश्यप, भागसिंह कश्यप, राधे श्याम, बलवान,अश्वनी सहित समस्त ग्रामवासी एवं कश्यप समाज के सम्मानित लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# 100 मीटर दौड़ अंडर-13 वर्ग में रितु ने मारी बाजी शिवानी को मिला दूसरा स्थान

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर खेल मंत्रालय की ओर से खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर युवा मामले और खेल मंत्रालय के मार्गदर्शन व माई भारत और भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अंबाला शहर के सेक्टर-10 स्थित अम्बाला शहर खेल स्टेडियम में आयोजित किया गया। इसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों से बालिकाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को खेल, फिटनेस तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना और खेलों में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतोलन में अंतरराष्ट्रीय मेडलिस्ट मधु थापा रहीं। उनहोंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल महिलाओं के आत्मविश्वास, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में भी खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में खेल विभाग से राम स्वरूप, स्पोर्ट्स स्टेडियम इंचार्ज रविंद्र खत्री, खेल इंडिया कोच तेजवीर, बॉस्केटबाल कोच सतीश हुड्डा, लोन टेनिस कोच सुखचेन सिंह का विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ का आयोजन अंडर-13, अंडर-18 तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्गों में किया गया। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए पदक तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। 100 मीटर दौड़ में अंडर-13 वर्ग में प्रथम रितु, द्वितीय शिवानी, तृतीय माया रही। अंडर-18 वर्ग में प्रथम सोनाक्षी, द्वितीय कमलजोत, तृतीय अग्रिम रही। प्रतियोगिता में 18 वर्ष से अधिक वर्ग में प्रथम मनप्रीत कौर, द्वितीय भाव्या तंवर, तृतीय अनु यादव रहीं। इसी प्रकार 200 मीटर दौड़ में अंडर-13 वर्ग में प्रथम रितु, द्वितीय शिवानी तथा तृतीय मान्या रहीं। प्रतियोगिता के क्रम में अंडर-18 वर्ग में प्रथम सोनाक्षी, द्वितीय कमलजोत कौर, तृतीय जसकीरत रही। इसी प्रकार 18 वर्ष से अधिक वर्ग में प्रथम मनप्रीत कौर , द्वितीय प्रीति तथा तृतीय योगिता रहीं। प्रतियोगिता में 400 मीटर दौड़ में अंडर-13 वर्ग में प्रथम रितु, द्वितीय लाव्या, तृतीय माया रहीं। इसी प्रकार अंडर-18 वर्ग में प्रथम अग्रिमा, द्वितीय एंजेल, तृतीय कीर्ति रहीं। प्रतियोगिता के क्रम में 18 वर्ष से अधिक वर्ग में प्रथम मनप्रीत, द्वितीय नेहा, तृतीय जैस्मीन तथा अमृता रहीं। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों में खेल के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम महिलाओं को खेलों के माध्यम से आत्मविश्वास, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।





अंबाला। विजेताओं को सम्मानित करते हुए व दौड़ स्पर्धा में हिस्सा लेती युवतियां।

## महिलाओं को दया नहीं, अधिकार चाहिएं महिलाओं और नाबालिग बच्चियों के यौन शोषण में शामिल ताकतवर लोगों पर सख्त कार्रवाई हो



अंबाला। बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा के चुनाव में पहली बार सशक्त उम्मीदवार के तौर पर मैदान में डटी एडवोकेट सुनीता कलसन ने कहा कि महिला दिवस केवल औपचारिक बधाइयों और कार्यक्रमों का दिन नहीं है बल्कि यह दिन महिलाओं और खासकर नाबालिग बच्चियों के खिलाफ हो रहे अन्याय, शोषण और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने का दिन है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में भी महिलाएं जाति, रंग, वर्ग और आर्थिक हैसियत के आधार पर अपमान और हिंसा का शिकार हो रही हैं, जो सभ्य समाज के लिए एक गंभीर सवाल है। नेशनल अलायंस फॉर दलित ह्यूमन राइट्स की सह संयोजक एडवोकेट सुनीता कलसन अंबाला के वकीलों से समर्थन की अपील करते हुए बोल रही थी। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में सामने आई एप्सटीन फाइल ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। इन खुलासों से यह स्पष्ट हुआ कि दुनिया के कई बड़े और प्रभावशाली लोग नाबालिग बच्चियों और महिलाओं के यौन शोषण जैसे जघन्य अपराधों में शामिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल अपराध नहीं बल्कि मानवता के खिलाफ संगठित अत्याचार है। ऐसे सभी लोगों के खिलाफ बिना किसी दबाव और पक्षपात के कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे वे कितने ही प्रभावशाली क्यों न हों। कलसन ने कहा कि भारत में महिलाओं की स्थिति को लेकर बड़ी-बड़ी बातें तो की जाती हैं लेकिन जमीनी हकीकत बेहद कड़वी है। कामकाजी महिलाओं को आज भी कार्यस्थलों पर यौन शोषण, मानसिक उत्पीड़न और दबाव का सामना करना पड़ता है। कई बार महिलाएं अपनी नौकरी बचाने के लिए अपने आत्मसम्मान और स्वाभिमान से समझौता करने को मजबूर हो जाती हैं, जो पूरे समाज के लिए बेहद चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने कहा कि मजदूरी के क्षेत्र में भी महिलाओं के साथ खुलेआम आर्थिक शोषण हो रहा है। उनसे पुरुषों के बराबर या उससे अधिक काम लिया जाता है, लेकिन मजदूरी कम दी जाती है। यह स्थिति आज भी महिलाओं को दूसरे दर्जे का नागरिक मानने वाली मानसिकता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि दलित महिलाओं की स्थिति और भी अधिक चिंताजनक है। हरियाणा सहित कई राज्यों में दलित महिलाओं के खिलाफ यौन अपराधों के मामले सामने आते रहते हैं, लेकिन मुकदमे दर्ज होने, जांच और दोषियों को सजा मिलने के मामलों में बेहद निराशाजनक स्थिति दिखाई देती है। कम कन्विक्शन रेट यह दर्शाता है कि व्यवस्था कमजोर वर्ग की महिलाओं को न्याय देने में गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अब यह समझना होगा कि जब तक वे जाति और धर्म के नाम पर बंटी रहेंगी, तब तक राजनीति के नाम पर उनका इस्तेमाल होता रहेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अब दया नहीं बल्कि अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करना होगा। महिलाओं को अब सहानुभूति नहीं, न्याय चाहिए; दया नहीं, अधिकार चाहिए; और प्रतीकात्मक सम्मान नहीं बल्कि वास्तविक समानता चाहिए।

## खबर संक्षेप



### नीलगाय के आतंक से फसल की हो रही बर्बादी

पिहोवा। क्षेत्र में नीलगाय के बढ़ते प्रभाव से किसान गहरी चिंता में है, नीलगाय अक्सर झुंडो में आती हैं ओर फसल को चर कर पूरी तरह बर्बाद कर देती हैं। गांव सारसा, भैंसी माजरा, मुर्तजापुर, बीबीपुर, संधोला, संधोली, भोर स्यादा, गडी सिंघा सहित अनेक गाव के किसान इन नीलगाय से भारी परेशान है, किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि नीलगाय को कहीं उचित स्थान पर छोड कर इस समस्या से निजात दिलाया जाए। किसान बलवान सिंह, रोशन लाल, रघबीर सिंह, महावीर सिंह, गुरनाम सिंह, रोहतास, बबलू, टोनी, शमशेर सिंह व धर्मवीर सहित अनेक किसानों ने बताया कि दिन का उजाला हो या रात का अंधेरा, नीलगाय की गतिविधियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। खेतों में लहलहाती फसल देखकर किसान जहां खुश होते हैं, वहीं नीलगाय का कहर उनकी खुशी को पल भर में गम में बदल देता है।



### टीम इंडिया की जीत के लिए पिहोवा में हवन

पिहोवा। भारतीय क्रिकेट टीम के आज न्यूजीलैंड के साथ होने वाले फाइनल मुकाबले को लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। वर्ष 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचा था और अब एक बार फिर कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इंडिया इतिहास दोहराने के लिए मैदान में उतर रही है। इसी को लेकर पिहोवा के श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर में कल से ही विशेष पूजा-अर्चना और यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के महंत श्री विश्वनाथ गिरी जी महाराज ने स्वयं ब्राह्मणों के साथ मिलकर विधिवत पूजा-अर्चना व यज्ञ कराया और भगवान भोलेनाथ से भारतीय टीम की जीत की कामना की।



### देश में आज भी महिलाएं सुरक्षित नहीं : उषा कुमारी

कुरुक्षेत्र। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्थानीय मदन लाल ढींगरा पार्क में एक जनसभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन जन संघर्ष मंच हरियाणा, मनरेगा मजदूर यूनियन व निर्माण कार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जनसभा के बाद महिलाओं ने जोरदार नारे लगाते हुए शहर के मेन बाजार, कच्चा घेर, अम्बेडकर चौक पर प्रदर्शन किया। जनसभा का संचालन कविता विद्रोही ने किया। सभा में सबसे पहले कल सफीदों में एक रंग फैक्ट्री में आग लगने से पांच महिला मजदूरों की दर्दनाक मौत पर दो मिनट का मौन रखा गया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्टाफ नर्स रेणू ने किया 37वीं बार रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से नागरिक अस्पताल अंबाला शहर व अम्बाला छावनी में नारी शक्ति रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ब्लड बैंक की टीम ने रक्त एकत्रित करने का काम किया।

सिविल सर्जन डॉ. रेनू बेरी ने कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान है। एक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करके हम अमूल्य जिन्दगीयों को बचा सकते हैं। उन्होनें यह भी कहा कि रक्त की पूर्ति केवल मानव शरीर से ही सम्भव है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आज नारी शक्ति रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की महिला स्टॉफ के साथ-साथ अन्य महिलाओं ने आगे आकर स्वेच्छा से रक्तदान किया हैं। इस मौके पर स्टॉफ नर्स रेनू ने 37वीं बार रक्तदान किया। संगीता ने पहली बार रक्तदान करते हुए अन्य को भी रक्तदान हेतू प्रेरित किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि आज महिलाओं को हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का सुनहरा अवसर मिल रहा है तथा महिलाएं भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रही है।



अंबाला। रक्तदान करती स्टाफ कर्मचारी।

# चौड़मस्तरपुर में फर्स्ट रेफरल यूनिट शुरू

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल बोले गर्भवती महिलाओं का जरूरत पड़ने पर होगा सीजेरियन ऑप्रेशन

- आंखों की बीमारियों की भी होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौड़मस्तपुर में फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) व नेत्र रोग ओपीडी का रिबन काटकर शुभारंभ किया। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर सिविल सर्जन डॉ. रेनू बेरी व अन्य चिकित्सकों ने पुष्पगुच्छ देकर भव्य अभियनंदन किया। इस अवसर पर डीजी एनएचएम डॉ. वीरेंद्र यादव विशेष रूप से मौजूद रहे। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने इस मौके पर उपस्थित सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में लडक़ों से पीछे नहीं हैं। हर क्षेत्र में वह अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। नारी तो नरायणी है। उन्होंने यह भी कहा कि हम सबके लिए विशेषकर इस क्षेत्र के लोगों के लिए गर्व की बात है कि यहां पर सामुदायिक भवन में फर्स्ट रेफरल यूनिट का उद्घाटन व नेत्र रोग ओपीडी का शुभारंभ हुआ है।



अंबाला। फर्स्ट रेफरल यूनिट की सुविधाओं का जायजा लेते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

### गर्भवतियों को मिलेगा लाभ

असीम गोयल ने कहा कि इस एफआरयू के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को लाभ होगा। यदि किसी स्थिति में गर्भवती महिला का सीजेरियन ऑप्रेशन की जरूरत होगी वो यहां पर हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यहां पर सभी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन चिकित्सा सुविधाओं में यह सुविधा भी जुड़ गई हैं। इसके साथ-साथ यहां पर नेत्र रोग ओपीडी की सौगात भी क्षेत्रवासियों को मिली हैं। यहां पर सप्ताह में दो दिन नेत्र रोग चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। इसके साथ-साथ सिविल सर्जन डॉ. रेनू बेरी खुद वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं। वे भी सप्ताह के हर तीसरे शनिवार को दो घंटे यहां पर अपनी सेवाएं देंगी। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने इस मौके पर यह भी कहा कि इन सुविधाओं के साथ-साथ यहां ब्लड स्टोरेज यूनिट की भी सुविधा मिलेगी।

# आईएएस मुकुल जिंदल को पूर्व राज्यमंत्री ने दी बधाई, कहा-गर्व से सीना हुआ चौड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर 243वां रैंक हासिल कर अंबाला छावनी के मुकुल जिंदल को पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने उसके घर पर जाकर पूरे परिवार को उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने इस अवसर पर मुकुल जिंदल का मुंह मीठा करवाकर उन्हें बधाई भी दी। पूर्व राज्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि युवाओं का सरकार के प्रति विश्वास बढा है। उनके सपने भी साकार हो रहे है, युवा कड़ी मेहनत करके अपने जीवन रूपी लक्ष्यों को भी प्राप्त कर रहें है। युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची व पारदर्शी तरीके से नौकरियां मिल रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में लगभग 2 लाख युवाओं को नौकरियों मिली हैं। युवाओं के हित भी सुरक्षित हुए हैं। युवा भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए देश व प्रदेश में नाम रोशन कर रहें है। मुकुल जिंदल ने भी यूपीएससी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक में 243वां रैंक हासिल कर अंबाला छावनी का नाम रोशन किया है। बता दें कि मुकुल जिंदल ने अपनी स्कूली शिक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल से पूरी की है। इसके बाद उन्होंने बिट्स पिलानी (बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस) से मकैनिकल इंजिनियरिंग से बीटेक किया है। परिवार के साथ-साथ अन्य सभी में मुकुल जिंदल की इस उपलब्धि को लेकर नाज है।

# बिना खर्ची पर्ची के सपने हो रहे पूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

यूपीएससी की परीक्षा में 118वां रैंक हासिल करने चिंराशु तनेजा को भी पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल घर पर जाकर उन्हें व परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने इस अवसर पर चिरांशु तनेजा का मुंह मीठा करवाकर कहा कि युवाओं के सपने साकार हो रहे हैं। बिना खर्ची-पर्ची व पारदर्शी तरीके से युवाओं को नौकरियां मिल रही हैं। युवा भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए देश व प्रदेश में नाम रोशन कर रहें है। बता दें कि चिरांशु तनेजा ने शुरूआती पढाई मुरलीधर डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबाला शहर से की हैं। स्कूली शिक्षा के बाद उन्होंने आईआईटी मुंबई से इलेक्ट्रिक्ल इंजीनियरिंग से पढाई की है। 2022 बैंच से स्नातक की डिग्री हासिल की। चिरांशु ने गेट 2023 परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 2 प्राप्त की। इसी के साथ यूपीएससी इंजीनियरिंग सर्विसेज 2023 में भी उन्होंने एआईआर 2 हासिल किया था। चिरांशु इससे पहले यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 के माध्यम से भारतीय रेलवे प्रबधंन सेवा में भी चयनित हो चुके हैं। वर्तमान में वह उर्जा मंत्रालय में सहायक निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, मनीष आनंद मन्नी, अर्चना छिब्बर, भी मौजूद रही।



अंबाला। आईएएस मुकुल जिंदल व उनके परिवार को बधाई देते पूर्व राज्यमंत्र।

# मकान की खरीद फरोख्त में महिला से 4.30 लाख की ठगी

- नारायणगढ़ पुलिस ने रसूलपुर गांव की ममता व उसके पति पवन कुमार पर धोखाधड़ी की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मकान बेचने का झांसा देकर यमुनानगर के गडौली की पूजा से 4.30 लाख की धोखाधड़ी हो गई। आरोपी पति-पत्नी ने मकान बेचने का झांसा देकर महिला से रुपये लिए। तय समय पर रजिस्ट्री करवाने के जगह भाग गए। नारायणगढ़ पुलिस ने रसूलपुर गांव की ममता व उसके पति पवन कुमार पर धोखाधड़ी की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़िता विधवा महिला पूजा ने बताया कि रसूलपुर गांव की ममता व उनके पति पवन कुमार से मकान खरीदने का सौदा 5 जुलाई 2024 को किया था। आरोप लगाया कि 4 लाख 30 हजार रुपये बयाना राशि के रूप में दिए थे। रजिस्ट्री की आखिरी तारीख 31 दिसंबर 2025 तय की गई थी। वह सभी दस्तावेजों के साथ तहसीलदार कार्यालय पहुंची लेकिन आरोपी नहीं आए। अब पुलिस आरोपियों को तलाश रही है। पुलिस की मानें तो जल्द ही आरोपियों को काबू किया जाएगा।

### 10 को अमरीका से ट्रेड डील के विरोध में निकालेंगे ट्रैक्टर मार्च

कैथल। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की हल्का कार्यकारिणी पुंडरी की बैठक किसान भवन पुंडरी मे हल्का अध्यक्ष रणधीर बरसाना की अध्यक्षता मे हुई,जिसमें हल्का कार्यकारिणी के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक मे युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट व जिला अध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल ने विषेश रूप से भाग लिया। बैठक का संचालन युवा जिलाध्यक्ष विक्रम दुसैण ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए,युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना ने कहा कि 10 मार्च को पूरे देश में तहसील स्तर पर इस ट्रेड डील के विरोध में ट्रैक्टर मार्च निकालकर विरोध किया जाएगा। जिला कैथल मे भी पुंडरी,कैथल, गुहला,कलायत मे भी किसान ट्रैंड डील के विरोध मे ट्रैक्टर मार्च निकाल कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। जिसको लेकर बैठक मे किसानो को ज्यादा से ज्यादा ट्रैक्टर लेकर आने की अपील की गई ओर 23 मार्च को शहीद ए आज़म भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहादत दिवस पर अनाज मंडी पिपली (कुरुक्षेत्र) में किसान- मजदूर जन क्रांति रैली आयोजित की जाएगी जिसमें प्रदेश एवं देश भर से किसान मजदूर व सामाजिक संगठन भाग लेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## डीसी अजय सिंह तोमर बोले, दिव्यांगों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य

# 38 दिव्यांगों को मिले कृत्रिम अंग, अब जिंदगी होगी आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि दिव्यांगों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। समाज के जरूरतमंद और अंगविहीन लोगों को कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना एक अत्यंत सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यों में समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर सहयोग करना चाहिए, ताकि दिव्यांग भी सम्मान और आत्मविश्वास के साथ अपना जीवन व्यतीत कर सके। उपायुक्त नारायण सेवा संस्थान उदयपुर द्वारा आयोजित निशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संस्थान के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था लंबे समय से दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि समाज के निर्धन एवं जरूरतमंद दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाने से उनका जीवन काफी हद तक आसान हो जाता है। कृत्रिम अंग मिलने से दिव्यांगजन अपने अधिकतर दैनिक कार्य स्वयं कर सकते हैं। आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करते हैं। दूसरों को भी प्रेरणा देते हैं। उपायुक्त ने बताया कि शिविर में 38 दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ-पैर लगाए गए हैं जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए नारायण सेवा संस्थान और सहयोग करने वाले सभी लोगों की सराहना की। भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बता दें कि अंगविहीन दिव्यांग लोगों के लिए निशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन सैनी धर्मशाला में किया गया था। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ-पैर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और समाज की मुख्यधारा से जोडऩा है। शिविर के दौरान योग्य दिव्यांग व्यक्तियों का पंजीकरण और परीक्षण विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया गया। चयनित दिव्यांगजनों को संस्थान की ओर से कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाए गए।



शहजादपुर। दिव्यांग से बातचीत करते डीसी अजय सिंह तोमर व अन्य।

### दिव्यांगजनों को पहुंचाया जा रह लाभ

इस अवसर पर डॉ. अनिरुद्ध भूषण सैनी ने उपायुक्त अजय सिंह तोमर व एसडीएम शिवजीत भारती को बताया कि इस शिविर के माध्यम से दिव्यांगजनों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि वे अपने दैनिक जीवन के कार्य आसानी से कर सकें। इस अवसर पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शिविर में उपस्थित दिव्यांगजनों से बातचीत भी की। उनके अनुभव जाने। उन्होंने कहा कि कृत्रिम अंग मिलने से उनका जीवन पहले की तुलना में काफी आसान हो जाएगा और वे अपने कार्य स्वयं कर सकेंगे। कार्यक्रम के नंबरदार सुरेश पाल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों को फूलों के गुलदस्ते, शॉल, स्मृति चिह्न और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। नारायण सेवा संस्थान के राष्ट्रीय शाखा प्रमुख डॉ. विवेक गर्ग ने संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि कैथल में दिव्यांगजनों के लिए अस्पताल, कंप्यूटर प्रशिक्षण कोर्स, मोबाइल रिपेयरिंग तथा सिलाई केंद्र भी संचालित किए जा रहे हैं जिनसे दिव्यांगजन आत्मनिर्भर बन रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. बाल कृष्ण शर्मा, डॉ. अमित नैयर, समाजसेवी बुधराम, विनोद सैनी, संयोजक मा. सुखदेव राज, राजेश वालिया, डॉ. राजरानी गर्ग, कुलभूषण सैनी, सौरभ शर्मा भी उपस्थित रहे।